पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

**वर्तमान में उ0प्र0 में कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं, वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यन्त आवश्यक : मुख्यमंत्री**

**प्रदेश सरकार कोविड समेत सभी सम्भावित स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार एवं प्रतिबद्ध, राज्य का स्वास्थ्य तंत्र पूरी तरह सजग और सक्षम**

**भारत सरकार द्वारा कोविड–19 को लेकर कोई नई एडवाइजरी जारी नहीं की गई**

**राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट मोड में रहें, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें**

**कोविड–19 की पिछली लहरों के दौरान जिला अस्पतालों में बनाए गए 10–10 बेड के आई0सी0यू0, वेण्टीलेटर और ऑक्सीजन प्लाण्ट जैसी अधोसंरचनाओं को स्थायी रूप से क्रियाशील रखा जाए**

**डेंगू, मलेरिया और कालाजार जैसे मौसमी रोगों से निपटने के लिए अभी से तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाएं**

**लखनऊ : 21 मई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में कोविड–19 के नवीनतम उपवेरिएंट जे0एन0–1 से सम्बन्धित वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कोविड–19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यन्त आवश्यक है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कोविड–19 को लेकर कोई नई एडवाइजरी जारी नहीं की गई है। फिर भी थाईलैण्ड, सिंगापुर और हाँगकाँग जैसे देशों में जे0एन0–1 उपवेरिएंट के चलते संक्रमितों की संख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में भी सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट मोड में रहें और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कोविड–19 की पिछली लहरों के दौरान जिला अस्पतालों में बनाए गए 10–10 बेड के आई0सी0यू0, वेण्टीलेटर और ऑक्सीजन प्लाण्ट जैसी अधोसंरचनाओं को स्थायी रूप से क्रियाशील रखा जाए। इन सुविधाओं की नियमित टेस्टिंग और आवश्यकतानुसार रख–रखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य सेवा प्रणाली से जुड़े अन्य कार्यों में भी प्रशिक्षित कर प्रभावी रूप से उपयोग में लाया जाए, क्योंकि कोविड–19 के दौरान इनकी भूमिका अत्यन्त सराहनीय रही है।

मुख्यमंत्री जी ने संचारी रोगों की रोकथाम के सम्बन्ध में भी सम्बन्धित विभागों को अलर्ट करते हुए कहा कि डेंगू, मलेरिया और कालाजार जैसे मौसमी रोगों से निपटने के लिए अभी से तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन को समन्वित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार कोविड समेत सभी सम्भावित स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार एवं प्रतिबद्ध है। राज्य का स्वास्थ्य तंत्र पूरी तरह सजग और सक्षम है।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Covid-19-Review Meeting-21 May, 2025***